Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

# सूचना

## बिहार राज्य क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके खिलाड़ियों द्वारा संबंधित आयोजित होने वाले कैंप हेतु विचारार्थ आवेदन/विवरण प्रस्तुत करने के संबंध में

बिहार क्रिकेट संघ (BCA) की कमेटी ऑफ मैनेजमेंट की दिनांक 13 अगस्त 2026 को आयोजित बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन में यह सूचित किया जाता है कि वे सभी खिलाड़ी, जिन्होंने पूर्व में किसी भी प्रारूप में बिहार राज्य क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व किया है, परंतु वर्तमान सत्र में BCA के द्वारा आयोजित मैचों/टूर्नामेंटों में भाग नहीं लिया है तथा जो आयोजित होने वाले कैंप में भाग लेने हेतु विचार किए जाने के इच्छुक हैं, वे अपना आवश्यक विवरण बिहार क्रिकेट संघ के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

अतः बिहार राज्य क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके सभी पात्र एवं इच्छुक खिलाड़ियों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपना विवरण ई-मेल के माध्यम से info@biharcricketassociation.com पर दिनांक 17 अगस्त 2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक अनिवार्य रूप से भेजें। दिनांक 17 अगस्त 2026 को अपराह्न 5:00 बजे के बाद प्राप्त आवेदनो पर कमेटी ऑफ मैनेजमेंट द्वारा गठित तीन सदस्यीय समिति द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया जायेगा। आवेदन के साथ निम्नलिखित विवरण एवं दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक होगा:

1. खिलाड़ी का नाम:
2. BCCI द्वारा आयोजित उन घरेलू टूर्नामेंटों का नाम, जिनमें खिलाड़ी ने भाग लिया है:
3. भागीदारी का वर्ष/वर्षों:
4. लागू BCCI ODMS नियमों के अंतर्गत निर्धारित सभी आवश्यक दस्तावेज:
5. खिलाड़ी का ई-मेल आईडी:
6. मोबाइल नंबर:

प्राप्त आवेदनों एवं संबंधित दस्तावेजों के आधार पर बिहार क्रिकेट संघ की कमेटी ऑफ मैनेजमेंट द्वारा दिनांक 13 अगस्त 2026 की बैठक में गठित तीन सदस्यीय समिति द्वारा लागू नियमों, विनियमों के अनुसार आवश्यक जांच एवं दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा।

जांच एवं सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत तीन सदस्यीय समिति द्वारा ट्रायल हेतु शॉर्टलिस्ट/चयनित खिलाड़ियों की सूची प्रकाशित की जाएगी। इसके पश्चात संबंधित चयन समिति द्वारा खिलाड़ियों का ट्रायल लिया जाएगा। ट्रायल की तिथि, समय एवं स्थान की सूचना बिहार क्रिकेट संघ की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से प्रकाशित की जाएगी।

Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

तत्पश्चात ट्रायल के प्रदर्शन तथा संबंधित चयन समिति, फिजियोथेरेपिस्ट, स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच (ट्रेनर) की अनुशंसा के आधार पर पात्र खिलाड़ियों को संबंधित क्रिकेट कैंप में शामिल किया जा सकता है। यह समावेशन बिहार क्रिकेट संघ तथा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के पात्रता मानदंडों के पूर्ण अनुपालन एवं पूर्ति के अधीन होगा।

केवल आवेदन प्रस्तुत कर देने मात्र से आवेदक को ट्रायल हेतु बुलाए जाने अथवा राज्य कैंप में शामिल किए जाने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा। ट्रायल हेतु बुलाए जाने एवं राज्य कैंप में शामिल किए जाने संबंधी सभी निर्णय पात्रता एवं दस्तावेजों के सत्यापन तथा संबंधित चयन समिति, फिजियोथेरेपिस्ट, स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच (ट्रेनर) की अनुशंसा के अधीन होंगे और ये निर्णय लागू नियमों एवं विनियमों के अनुसार ही लिए जाएंगे।

यह सूचना बिहार क्रिकेट संघ की तीन सदस्यीय समिति के अनुमोदन से जारी की जा रही है तथा यह संबंधित सभी खिलाड़ियों पर लागू होगी।

बिहार क्रिकेट संघ
दिनांक: 14 अगस्त 2026


45-C, Patliputra Colony, Patna - 800 013, Bihar, India ☎ 6123180395, website: www.biharcricketassociation.com